पेज थ्री देहरादून

अर्णब गोस्वामी की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा ने फूंका महाराष्ट्र सरकार का पुतला।



देहरादून शुक्रवार 6 नवंबर 2020



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार गुरू चरण सिंह का निधन

**संवाददाता** देहरादून। जनवादी पत्रकारिता के लिये समर्पित गुरु चरण सिंह के आकस्मिक निधन से स्तब्ध हैं वह छात्र जीवन से देहरादून में स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इण्डिया से जुडे रहे। इस अवसर पर सीपीएम नेता अनंत आकाश ने बताया कि वह लंबे समय से पत्रकारिता के लिए समर्पित रहे और उनके निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि समाज में दबे कुचले लोगों के लिए वे आजीवन संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि सीपीएम ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

### आरक्षित वर्गों को रोजगार मामले में उपनल की तानाशाही बर्दाश्त नहीं: मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। उपनल द्वारा युवाओं को दिए जा रहे रोजगार मामले में आरक्षित वर्गों को प्रावधानित आरक्षण का कड़ाई से अनुपालन न किए जाने को लेकर जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने अपर मुख्य सचिव, सैनिक कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की है और आरक्षित वर्गों को रोजगार मामले में उपनल की तानाशाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### किसान सभा का किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस के तहत आज किसान सभा द्वारा जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमन्त्री को ज्ञापन प्रेषित कर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई। पार्टी के कार्यकर्ता गांधी रोड़ पर इकटठा हुए और वहां से जुलूस के रूप में केन्द्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। सभा के बाद जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी ज्ञापन दिया गया।

### एमवे ने उपभोक्ताओं के सहयोग के लिए डिजिटल क्षमताओं को बढ़ाया

**संवाददाता** देहरादून। देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने एक डिजिटल बदलाव की यात्रा शुरू की है। कुछ सबसे बड़े वैश्विक रुझानों के साथ एमवे की बहु–वर्षीय विकास रणनीति में सोशल कॉमर्स (एक नेक्स्ट जेनरेशन ट्रेंड जो वाणिज्य के भविष्य को नया रूप देगा) के माध्यम से उद्यमिता को विस्तार देना शामिल है। इस निवेश के साथ एमवे इंडिया का उद्देश्य अपनी पहुंच में सुधार करना और अपने डायरेक्ट सेलर्स तथा उनके उपभोक्ताओं को एक अद्वितीय यूजर अनुभव प्रदान करना है।

# स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की उपलब्धता का टारगेट पूर्ण करें: सीएम

**समीक्षा**

■मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में जल जीवन मिशन की समीक्षा की

■जिलाधिकारी इसकी नियमित निगरानी भी रखें

जल संस्थान एवं जल निगम द्वारा प्रत्येक दिन का टारगेट निर्धारित होना चाहिए



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस वर्ष दिसम्बर अन्त तक सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की उपलब्धता का टारगेट पूर्ण किया जाय। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जो कनेक्शन दिये जा रहे हैं, उसमें निर्धारित मानकों को पूर्णतः पालन हो।

जिलाधिकारी इसकी नियमित निगरानी भी रखें। पानी के नल अडंरग्राउंड किये जाय। जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण हो, इसके लिए जल संस्थान एवं जल निगम द्वारा प्रत्येक दिन का टारगेट निर्धारित होना चाहिए।

जिलाधिकारी भी कार्यों की प्रगति बैठक समय–समय पर लेते रहें। हर घर नल एवं शुद्ध जल के लक्ष्य को जल्द प्राप्त करने के लिए संबधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। हरिद्वार एवं ऊधमसिंह नगर जनपदों में इस दिशा में अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने कहा कि जो नये कनेक्शन दिये जा रहे हैं, इससे डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क बढ़ जायेगा। प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता में कमी न हो इसके लिए जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण की दिशा में विशेष प्रयास किये जाए। अनुबन्ध गठन और वर्क ऑर्डर की प्रक्रिया में तेजी लाई जाय। जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में तेजी लाने के लिए ठेकेदारों की संख्या बढ़ाई जाय। आवश्यकतानुसार रजिस्ट्रेशन कैम्प लगाये जाय। ऊधम सिंह नगर एवं हरिद्वार में इस मिशन के तहत बड़ा चौलेंज है, इन जनपदों में टारगेट समय पर पूरा हो, अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की जाय।

सचिव नितेश झा ने बैठक में जानकारी दी कि जल जीवन मिशन के ग्रामीण क्षेत्र में 14.26 लाख कनेक्शन दिये जाने हैं। जिसमें से 3.53 लाख कनेक्शन दिये जा चुके हैं। जिसमें से पिछले 06 माह में 1.36 लाख कनेक्शन दिये गये। इस वर्ष चमोली, देहरादून एवं बागेश्वर में हर घर पानी पंहुचाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री अरविंद पाण्डेय, अपर सचिव आशीष जोशी, जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारी तथा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा ने फूंका महाराष्ट्र सरकार का पुतला

देहरादून। महाराष्ट्र सरकार की दमनकारी नीति एवं पत्रकार अर्णब गोस्वामी की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी जीएमएस मंडल कैंट विधान सभा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए किशन नगर चौक पर पुतला फूंका और कहा कि जल्द ही अर्णब गोस्वामी को रिहा करने की मांग की गई। यहां किशननगर चौक पर इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के इशारों पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अर्णव गोस्वामी पत्रकार के साथ मारपीट कर उन्हें गिरफ्तार किया घटना की जितनी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आंदोलनों के क्रम को लगातार जारी रखा जायेगा।
इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल ने कहा कि पत्रकारों के साथ हो रहे इस घटना को भारतीय जनता पार्टी जीएमएस मंडल उसका विरोध करता है और महाराष्ट्र सरकार को चेताया है कि अगर उन्होंने दमनकारी नीतियों को बंद नहीं किया तो इसका उग्र परिणाम के लिए तैयार रहें। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किये जाने की आवश्यकता है।

# आर–पार के आंदोलन की दी चेतावनी

**प्रदर्शन**

■ शहीद स्मारकों को तोड़ने के विरोध में यूकेडी का धरना प्रदर्शन

देहरादून। **संवाददाता**




राज्य के शहीदों की स्मृति में बने शहीद स्मारकों को ध्वस्त किये जाने के के विरोध में उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर धरना दिया और कहा कि शहीद स्मारकों को किसी भी दशा में तोड़ने नहीं दिया जायेगा और दल आर पार की लड़ाई लड़ेगा। यहां दल के कार्यकर्ता केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ए पी जुयाल के नेतृत्व में कचहरी स्थित शहीद स्मारक पर इकटठा हुए ओर वहां पर स्मार्ट सिटी के नाम पर शहीद स्मारकों को ध्वस्त किये जाने के विरोध में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा है कि उत्तराखंड राज्य किसी खैरात में नही मिला हैं। वक्ताओं ने कहा कि सन 1979 से उक्रांद का सतत संघर्ष व 2 अगस्त 1994 में पहाड़ के गांधी स्वर्गीय इंद्रमणि बड़ोनी की पृथक उत्तराखंड राज्य के लिये भूख हड़ताल के पश्चात राज्य प्राप्ति का आंदोलन जन आंदोलन में तब्दील होने के लिये एक चिंगारी बनी।

वक्ताओं ने कहा कि 9 अगस्त 1994 को उक्रांद के नेतागणों द्वारा कचहरी परिसर पर पृथक उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन अनशन शुरू हुआ था जो कि राज्य संघर्ष आंदोलन की रूपरेखा व रणनीतियों का केंद्र बना तथा राज्य आंदोलनकारियों की हृदत स्थली कचहरी का अनशन स्थल बना रहा। उत्तराखंड राज्य के निर्माण में 42 से ज्यादा शहीद हुये तथा मातृ व युवा शक्ति का संघर्ष रहा है।

सरकार को घेरते हुये कहा कि सरकार राज्य के शहीद स्मारक राज्य की धरोहर है। वक्ताओं ने कहा कि धरोहरों को तोड़ने व उसकी चेष्टा करना राज्य की सरकार को महंगा पड़ेगा। उक्रांद कचहरी शहीद स्मारक पर छेड़छाड़ का घोर विरोध करेगा। वक्ताओं ने कहा कि स्मारकों को तोड़ना राज्य की क्षैत्रीय भावना के साथ सरकार कुठाराघात कर रही है।

### मशरूम उत्पादन से होगी आर्थिकी मजबूतः जोशी

**संवाददाता** देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय प्रवक्ता कांग्रेस नेता महेश जोशी ने कहा है कि मशरूम के क्षेत्र में एक मुकाम हासिल करने वाली मिशन रिवर्स माइग्रेशन के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने वाली महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर रही राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित उत्तराखंड की मशरूम ब्रांड एंबेसडर दिव्या रावत के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय प्रवक्ता कांग्रेस नेता महेश जोशी ने उनके जन्मदिवस पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने दिव्या रावत के स्वरोजगार को बढ़ावा देने को मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने की सराहना की। उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन से आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोराना काल में जहां पहाड़ के हजारों लोग जो अपना रोजगार गवा चुके है ।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।